कामधेनु ने लांच किया 'कामधेनु एनएक्सटी,

अगले साल तक उत्पादन क्षमता 15 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष करने की योजना

लखनऊ 24 जून । फुल-स्केल, वन स्टॉप होम बिल्डिंग मैटेरियल कंपनी कामधेनू लिमिटेड ने लखनऊशहर में नेक्स्ट जेनरेशन हाई-ऐंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार कामधेनू छग्ज लांच किया है। कामधेनू लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने यह ब्रांड लांच किया, उनके साथ मौजूद थे श्री राधे राधे इस्पात प्रालिक़ के नवीन जैन और विजय जखोडिया। इस मौके पर पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं आसपास के इलाकों से आए 200 से ज्यादा डीलर और वितरक भी मौजूद थे।

कामधेनू छग्ज एक अभिनव उत्पाद है जिसमें यह क्षमता है कि वह ढाई गुना मजबूत कॉन्क्रीट व स्टील इंटरलॉक प्रदान करते हुए नए इंजीनियर्ड रिइन्फोर्समेंट ढांचों और स्मार्ट वास्तुशिल्पीय कॉन्सेप्ट्स को और अधिक मजबूत बना सके। कॉन्क्रीट के साथ सबसे मजबूत बॉन्ड कायम करने वाले स्टील बार की आवश्यकता को देखते हुए कामधेनू छग्ज विकसित किया गया है, यह न केवल तकनीकी रूप से उन्नत है बल्कि ग्राहकों की किफायत संबंधी अपेक्षाओं पर भी खरा उतरता है।

इस लांच की घोषणा करते है हुए कामधेनू लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा, '' सरकारी विकास परियोजनाओं पर नए सिरे से ध्यान दिया जा रहा है जिसके चलते बुनियादी सुविधाओं के विकास में तेजी आएगी। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, ऐक्सप्रैसवे, फ्लाईओवर और ऊंचे ढांचे पहले ही पूर्वी उत्तर प्रदेश/जुड़वां शहरों-लखनऊ व कानपुर की स्काईलाईन बदलने लगी है तथा इससे स्टील जैसे उद्योगों के लिए भारी मांग पैदा हो रही है।